One Day National Webinar

New Education Policy 2020 : in the Light of Teacher education Vision and Challenges of Implementing

अध्यापक शिक्षा के आलोक में नई शिक्षा नीति 2020: दृष्टि एवं क्रियान्वयन की चुनौतियां

Sept. 27,2020 Time - 11:00 AM – 2:00 PM

बोकारो स्टील सिटी कॉलेज , बोकारो की B.Ed विभाग द्वारा , 27 सितम्बर 2020, रविवार को " अध्यापक शिक्षा के आलोक में नई शिक्षा नीति 2020 : दृष्टि एवं क्रियान्वयन की चुनौतियां " विषय पर एक दिवसीय बेबिनार का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय शिक्षा नीति ड्राफ्टिंग समिति के मेंबर एवं बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी , रांची के पूर्व कुलपति प्रोफेसर डॉ. आर. एस. कुरील जी ने कहा , कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 "वाइब्रेंट इंडिया" के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा , कार्यक्रम की सफलता से लागू करने के लिए शिक्षाविदों से सुझाव देने की अपील की | कार्यक्रम के मुख्य वक्ता छत्रपति शाहूजी महाराज यूनिवर्सिटी , कानपुर के शिक्षा संकाय के प्रमुख प्रोफेसर डॉ. मनीष कुमार जी ने कहा , कि अध्यापक शिक्षा, शिक्षा व्यवस्था में केंद्रीय स्थान रखता है, इसकी नई शिक्षा नीति की अच्छी क्रियान्वयन के लिए सरकारों को संकल्पित होना होगा , कार्यक्रम में बतौर वक्ता लेखक ,स्तंभकार एवं आरएसपी कॉलेज , झरिया के असिस्टेंट प्रोफेसर राम चन्द्र कुमार ने भारत में नई शिक्षा नीति की आवश्यकता एवं इसके क्रियान्वयन के समक्ष बाधाओं पर प्रकाश डाला , दिल्ली विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक नितिशा खलखो जी ने नई शिक्षा नीति शिक्षा में शिक्षकों की दयनीय , आर्थिक एवं सामाजिक व्यवस्था पर चिंता जताई | दिल्ली विश्वविद्यालय की ही सहायक प्राध्यापिका डॉक्टर युक्ति शर्मा जी ने अध्यापक शिक्षा में , शिक्षा में समता एवं समावेशन के विषय पर प्रकाश डाला , विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग , एम. एड. विभाग के डॉ. तनवीर युनुस जी ने अध्यापक शिक्षा के वेतन एवं सेवा शर्तों पर सुधार की आवश्यकता जताई | कार्यक्रम का स्वागत भाषण देते हुए प्राचार्य डॉ. एस .के. शर्मा जी ने कहा, कि बी .एस . सिटी कॉलेज, बोकारो इस तरह के आयोजनों को लेकर हमेशा प्रयासरत रहा है, नई शिक्षा नीति लोगों को स्वावलंबी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा8एगा , कार्यक्रम के आयोजन सचिव एवं संचालिका बी. एड . सहायक प्राध्यापिका अंजलि पुनम बेक ने जानकारी दिया कि इस कार्यक्रम में लगभग 1500 लोगों ने पंजीयन कराया था, zoom aap द्वारा online आयोजित इस कार्यक्रम में , उद्घाटन भाषण कार्यक्रम के संरक्षक, विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय ,धनबाद के माननीय प्रति कुलपति महोदय डॉक्टर अनिल कुमार महतो जी ने दिया , कार्यक्रम में परिचय भाषण B .Ed. विभाग की वरिष्ठ सहायक अध्यापिका अर्चना कुमारी सिंह जी ने दिया, प्रतिवेदन प्रस्तुतीकरण प्रोफेसर नीतू साहू जी एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक मनोज कुमार जी ने किया ,कार्यक्रम में उपस्थित बी. एड विभाग की सहायक प्राध्यापिका नीलिमा महतो , डॉ

अंजू कुमार,. सहायक प्राध्यापक प्रवीण कुमार ,सहायक प्राध्यापिका रंजना कुमारी एवं बीएड सत्र 2018 – 2020 (100 छात्र) एवं 19 – 21 (87 छात्र) के बीएड प्रशिक्षु समेत कई शिक्षकों, रिसर्च स्कॉलर ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया ।

Principal
Bokaro Steel City College
Bokaro